...कारी दी गयी तथा इसके निदान के ... उर्मिला गरी, कमांडेंट (चिकित्सा) से यह जानाकारी दी.

जात्रा उत्सव शुरू

सिलीगुड़ी. तीन दिवसीय लोक संस्कृति और जात्रा उत्सव शुक्रवार से शुरू हो गया. इसका आयोजन फांसीदेवा थानार्नात विधान नगर स्थित संतोसिनी विद्या चक्र हाइ स्कूल में किया जा रहा है. इस मौके ...र राज्य सरकार के कइ वरिष्ठ ...धिकारी उपस्थित थे. इस उत्सव ...ा आयोजन जिला सूचना और ...स्कृति विभाग की ओर से किया जा ...ा है. सिलीगुड़ी के एसडीआइसीओ ...तेन छेत्री ने उक्त आशय की ...नकारी देते हुए बताया कि तीन ...ों तक चलने वाले इस उत्सव से ...भिन्न रंगारंग लोक एवं सांस्कृति ...र्यक्रमों का आयोजन किया गया ...हले दिन भी कलाकारों ने अपने ...ा का जबरदश्त प्रदर्शन किया.

कराटे चैंपियन आयशा नूर के लिए मदद की गुहार

कोलकाता. इंडियन कराटे एसोसिएशन ने कराटे चैंपियन आयशा नूर की मदद की गुहार लगायी है. आयशा एक कराटे चैंपियन है लेकिन आर्थिक तंगी के कारण अगले सप्ताह दिल्ली में होनेवाले वर्ल्ड मार्शल आर्ट काउंसिल गेम्स -2016 में भाग नहीं ले पा रही. हालांकि वह राष्ट्रीय स्तर पर कई स्वर्ण पदक जीत चुकी है. इस संवाददाता सम्मेलन में जिलीयन हसलम तथा आयशा नूर को उनकी कामयाबी को लिए सम्मानित किया गया. इस अवसर पर कराटे एसोसिएशन के महासचिव प्रो. एमए अली, डॉ जयदीप राय व गणमान्य लोग उपस्थित थे. श्री अली ने कहा कि जिलीयन हसलम और आयशा नूर जैसी शख्स हमारे समाज के लिए प्रेरणा हैं. उन्होंने ने कहा कि जिलियन आर्थिक रूप से कमजोर होते हुए भी उसने यह मुकाम हासिल किया है. जिलियन को उनके सामाजिक कल्याण के कार्यों के लिए आगामी पांच सितंबर को मदर टेरेसा मेमोरियल शांति पुरस्कार से नवाजा जायेगा.